समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने खेला पिकलबॉल, साथ नजर आईं RCB की यह जोड़ी – देखे तंस्वीरे।

Publisher
Published on 21 May 2025



## विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी RCB के साथ 'पिकलबॉल' खेलती नजर आई। RCB ने इस खास पल की तस्वीरे सोशल मीडिया पर की शेयर, दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल भी दिखे एक्शन मे।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB)** की टीम ने **आईपीएल 2025** में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है और अब खिताब की प्रबल दावेदार बनकर उभरी है। टीम के शानदार प्रदर्शन के बीच एक हल्का-फुल्का और दिलचस्प पल सामने आया जब विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने एक साथ पिकलबॉल खेला।

इस अनोखे खेल में **विराट** और **अनुष्का** एक ही टीम का हिस्सा बने। उनके सामने थे **दिनेश कार्तिक** और उनकी पत्नी **दीपिका पल्लीकल**। यह मुकाबला सिर्फ खेल नहीं बल्कि एक खूबसूरत टीम बॉन्डिंग एक्टिविटी भी थी। RCB ने इस पूरे इवेंट की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की, जो अब वायरल हो रही हैं।

दिनेश कार्तिक इस सीजन RCB में बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि उनकी **पत्नी दीपिका एक इंटरनेशनल स्क्वैश प्लेयर** हैं। वहीं **विराट** और **अनुष्का** हाल ही में **वृंदावन** में आध्यात्मिक यात्रा के बाद टीम के साथ जुड़े हैं।

**आईपीएल 2025** की बात करें तो RCB अब तक **12 मे से 8 मुकाबले** जीत चुकी है और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उनका अगला मैच **23 मई को सनराइजर्स हैदराबाद** और अंतिम लीग मैच **27 मई** को **लखनऊ सुपर जायंट्स** के खिलाफ

खेला जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.